Jagran

उत्तराखंड में 150 उर्दू शिक्षकों की भर्ती: मुख्यमंत्री

देहरादून, [राज्य ब्यूरो]: मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि प्रदेश में 150 उर्दू शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। मौलाना आजाद फाउंडेशन के जरिये दी जाने वाली छात्रवृत्ति की धनराशि बढ़ाई जाएगी। मुस्लिम छात्रों को सरकारी महकमों में नौकरी के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कोचिंग की भी व्यवस्था की जाएगी। छात्राओं के लिए अलग से प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

बीजापुर अतिथि गृह में मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मदरसा बोर्ड में ऐसे लोग आएं, जो आज के समय के मुताबिक लोगों को शिक्षित व जागरूक कर सकें। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण से संबंधित योजनाओं के बजट में वृद्धि की गई है। सरकार का अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम को स्टार्टअप से जोडऩे का प्रयास है।

उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों की शिक्षा के लिए डिग्री कालेज, इंटर कालेज आदि खोले गए हैं। पट्टदारों का विनियमितीकरण किया जा रहा है। उन्होंने मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे उनके कल्याण से संबंधित योजनाओं की जानकारी अपने समाज को दें, ताकि इसका फायदा उन्हें हो।

इस अवसर पर याक़ूब सिद्दीकी, मौ शाहिद, मौ सुलेमान, मौ याक़ूब सहित मुस्लिम समुदाय प्रतिनिधि उपस्थित थे।